प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

प्रचार

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए अब 20 दिन शेष रह गए हैं ऐसे में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता अपने –अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता, केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत विजय संकल्प यात्रा के साथ हमीरपुर से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे।

मंडी लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत आज कुल्लू विधानसभा सभा के तहत मणिकरण, त्राम्बली व शमशी में चुनाव जनसभाओं को संबोधित करेंगी उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश्वर सिंह व अन्य नेता उपस्थित रहेंगे। वहीं मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह आज लाहौल स्पीति जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार करेंगे।

परियोजना–नुकसान

कांगड़ा जिला के बैजनाथ उपमंडल लंबाडग स्थित 25 मेगावाट क्षमता की केयू हाइड्रो जल विद्युत परियोजना की एचआरटी में रिसाव होने से मुलथान बाजार में भारी नुकसान की खबर है। इस रिसाव से 50 से अधिक दुकानों व घरों में पानी और मलबा भर गया। इसके अलावा आलू, जौ व लहसुन की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस प्रशासन ने प्रोजेक्ट प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। प्रशासन ने मुलथान में अलर्ट जारी किया है और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य संसदीय सचिव किशोरीलाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावितों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

याचिका

प्रदेश कांग्रेस के 6 पूर्व बागी विधायकों ने विधानसभा से अपने निलंबन के खिलाफ उच्च्तम न्यायालय में दायर याचिका वापिस ले ली है। राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने पर विधानसभा अध्यक्ष ने इन विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने उन्हें याचिका वापिस लेने की अनुमति दे दी है। इन विधायकों में सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेन्द्र राणा, इन्द्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेन्द्र कुमार भुटटो शामिल हैं। ये 6 पूर्व विधायक अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे हैं।

लोक अदालत

प्रदेश में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इन लोक अदालतों में श्रम विवाद, बिजली, पानी, भरण पोषण, मनी रिकवरी, वाहन दुर्घटना, वैवाहिक विवाद, भू–अधिग्रहण, वेतन भत्ते, सेवानिवृत्ति,

राजस्व मामले और अन्य दीवानी मामले प्रस्तुत किए जा सकते हैं। जो लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों का समाधान चाहते हैं वे अपने जिला न्यायालयों अथवा अधीनस्थ न्यायालयों में सम्पर्क कर सकते हैं।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कल शाम प्रदेश के कई जिलों में अंधड़, ओलावृष्टि और बारिश का समाचार है। ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है। मैदानी जिलों में बारिश होने से लोगों को गर्मी से कुछ निजात मिली है। वहीं राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्की धूप के बीच आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के अनेक भागों में आंधी –तूफान के साथ वर्षा व ओलावृष्टि का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अगले दो दिन अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई गई है।

अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने हाइड्रो जल विद्युत परियोजना में हुए जल रिसाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है– **टनल में रिसाव से मुल्थान बाजार में बाढ़ –48 दुकानों और 32 घरों में घुसा मलबा।** पंजाब केसरी का शीर्षक है–**मुल्थान में हाईड्रो प्रोजैक्ट का पेनस्टॉक फटा, बाजार व घरों में घुसा पानी।** दैनिक जागरण की सुर्खी है–**विद्युत प्रोजेक्ट की एचआरटी से रिसाव–मुल्थान बाजार में भरा कीचड़ लापरवाही पर कंपनी प्रबंधन के विरूद्ध मामला दर्ज।**

हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–**डॉ. राजीव भारद्वाज और सतपाल रायजादा ने दाखिल किया नामांकन।**

पंजाब केसरी के मुताबिक–**हिमाचल कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों ने वापस ली याचिका।** हिमाचल दस्तक के अनुसार–**सीपीएस मामले में 20 मई तक टली सुनवाई–हाईकोर्ट ने कहा 20 व 21 मई को सुना जाएगा सरकार का पक्ष।**

दैनिक सवेरा टाइम्स ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के बयान को सुर्खी है–**कांग्रेस नेता रहते भारत में लेकिन, इनके दिल में हैं पाकिस्तान।**

दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है–**हमीरपुर के लोग मेरी असली ताकत, हर पल दिया है साथ।**

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है–**शिमला समेत चार जिलों में बारिश से तीन डिग्री तक गिरा पारा**। हिमाचल दस्तक का कहना है–**कांगड़ा, शिमला में समेत पांच जिलों में आज भारी बारिश**। आपका फैसला का कहना है–**शिमला में बरसे बादल, लोगों को गर्मी से मिली राहत।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार

———————————————